# राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड

(राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा का संघटक महाविद्यालय)
सुनेल रोड, झालरापाटन, जिला–झालावाड़, राजस्थान–326023
ई–मेलः principalgecj@gmail.com; वेबसाईटः www.gecj.ac.in


स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

क्रमांकः GECJ/2026-27/ दिनांकः

## खुली बोली तकनीकी प्रपत्र–अ

### उपापन की विषय वस्तु : सफाई सेवा कार्मिकों की आपूर्ति हेतु ई–निविदा प्रपत्र

ई निविदा सूचना क्रमांक .................................................................. दिनांक.......................................

ई–निविदा की अनुमानित लागत : लगभग 30 लाख रूपये (सफाई सामग्री रहित)

ई–निविदा की अवधि : कार्य प्रारंभ तिथि से 02 वर्ष तक

1. बोलीदाता / संवेदक का नाम : ..................................................................................................
2. डाक का पता : ..........................................................................................................................
3. फोन / मोबाईल नं. : .................................................................................................................
4. ई–मेल : .....................................................................................................................................
5. बैंक का नाम : ..........................................................................................................................

   आईएफएससी कोड : ..................................................................................................................

   खाता संख्या : ..........................................................................................................................
6. बोली प्रतिभूति राशि का डीडी / बैंकर चैक क्रमांक ................ दिनांक ............ राशि रु. 60000 / –
7. बिड फीस राशि का डीडी / बैंकर चैक क्रमांक .................. दिनांक ...................... राशि रु. 590 / –
8. RISL प्रोसेसिंग फीस राशि का डीडी / बैंकर चैक क्रमांक ......... दिनांक .......... राशि रु. 500 / –
9. बोलीदाता / संवेदक द्वारा निम्नलिखित पंजीकरण का विवरण निर्धारित कॉलम्स में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जावेगा तथा उक्त पंजीकरण प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रति बोली दस्तावेजों के साथ संलग्न करनी होगी –

| क्र.सं. | विवरण | रजि. सं. | वर्ष | पंजीकरण दिनांक | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 | | | | |
| 02 | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952 | | | | |
| 03 | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 | | | | |
| 04 | वस्तु एवं सेवाकार (GST) | | | | |
| 05 | आयकर (पैन नम्बर) | | | | |
| 06 | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डिन पार्टनर्शिप एक्ट 1932 के अंतर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत | | | | |



प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड़

10.बोलीदाता का विगत 03 वित्तीय वर्षों (2022–23, 2023–24, 2024–25) का वार्षिक न्यूनतम औसत टर्नओवर राशि रूपये 20 लाख से कम नही होना चाहिए। इस हेतु निविदादाता को सनदी लेखाकार से UDIN नंबर सहित वार्षिक टर्न ओवर का प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप (Annexure-1) में अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

11.बोलीदाता को केन्द्र/राज्य सरकार के अधीन समस्त विभाग/उपक्रम/स्वायत्तशासी संस्थान में गत 04 वित्तीय वर्ष (2022–23, 2023–24, 2024–25, 2025–26) के दौरान किसी भी वर्ष में एकल कार्यादेश के अंतर्गत न्यूनतम 20 सफाई कर्मी (मानव संसाधन, सुरक्षा कर्मी को छोडकर) की कम से कम 1 वर्ष निरन्तर सफलतापूर्वक सेवाएं उपलब्ध करवाये जानें का अनुभव होना चाहिए, जिसकी पुष्टी हेतु वर्कऑडर व संतोषप्रद कार्य पूर्ण किये जानें का प्रमाण पत्र स्व–हस्ताक्षरित कर संलग्न करना होगा, जिसका विवरण बोली दस्तावेजों के साथ Annexure -2 में संलग्न करना होगा।

12.बोलीदाता को राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाण पत्र/शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा सफल बोलीदाता को आपूर्ति आदेश जारी होने की तिथि से 03 माह के अंदर राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 के अंतर्गत राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड के नाम पंजीकरण प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

13.बोलीदाता द्वारा बोली से संबंधित समस्त दस्तावेजों/पंजीयन प्रमाण पत्रों/अनुभव प्रमाण पत्रों की स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों, डिमांड ड्राफट इत्यादि की स्केन प्रतियों ई–प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट पर तकनीकी बोली के अंतर्गत अपलोड करना होगा। तकनीकी बोली से संबंधित कोई भी दस्तावेज/प्रमाण पत्र (डिमांड ड्राफट एवं मूल शपथ पत्र के अतिरिक्त) को व्यक्तिगत रूप से/डाक से स्वीकार नही किया जावेगा।

14. बोलीदाता को गत 07 वर्षों के दौरान राज्य एवं केंद्र सरकार के अधीन किसी भी विभाग/कार्यालय/स्वायत्तशाषी संस्था/निकाय द्वारा विगत 07 वर्षों के दौरान BLACK LIST/DEBAR नहीं होने का मूल शपथ पत्र राशि रूपये 100 के नॉन–जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर निविदा शुल्क एवं बोली प्रतिभूति के साथ निर्धारित प्रारूप (Annexure-3) में अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

15. बोलीदाता का पंजीकृत कार्यालय/शाखा का पूर्ण पता, दूरभाष नम्बर, फैक्स नम्बर एवं ई–मेल आईडी सहित होना अनिवार्य है।

16. बोलीदाता का राजस्थान में पंजीकृत कार्यालय/शाखा होना अनिवार्य है।

17. बोलीदाता द्वारा निविदा प्रपत्र में वर्णित दिशा–निर्देशों की पालना किया जाना अनिवार्य है।

18. तकनीकी निविदा में सफल निविदा दाताओं की ही वित्तीय निविदा खेली जायेगी।



प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड

# राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड

मैं/हम राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड द्वारा की गई खुली बोली आमंत्रण सूचना में वर्णित सभी शर्तों से तथा संलग्न बोली दस्तावेजों में दी गई अतिरिक्त शर्तों से बाध्य होना स्वीकार है।

बोलीदाता के हस्ताक्षर
नाम मय सील

प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड़

# राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड

**वित्तीय प्रस्ताव की शर्तें प्रपत्र – ब**

## महाविद्यालय में सफाई सेवा कार्मिकों की आपूर्ति करानें हेतु ई–निविदा प्रपत्र

1. वित्तीय प्रस्ताव के संबंध में निविदादाताओं को निर्देशित किया जाता है कि वित्तीय प्रस्ताव हेतु दरें केवल Excel Sheet (BOQ Sheet) में ही भरें। (BOQ प्रारुप संलग्न Annexure-4)
2. बोलीदाता द्वारा ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर उपलब्ध BOQ (Price Bid) में ही समुचित प्रविष्टियां अंकित की जायेगी।
3. सफल बोलीदाता (प्रथम न्यूनतम L–1) का निर्धारण BOQ (Price Bid) में अंकन किये गये न्यूनतम सर्विस चार्ज के आधार पर ही किया जायेगा।
4. बोलीदाता द्वारा ऑफलाईन प्रस्तुत की गई वित्तीय बोली स्वीकृत नही की जायेगी।
5. बोलीदाता को ई.पी.एफ., ई.एस.आई. नियमानुसार देय होगा।
6. सेवा प्रदाता एजेन्सी का न्यूनतम सर्विस चार्ज मजदूरी बेसिक दर पर 03 प्रतिशत से कम नही होना चाहिए। बोलीदाता को सर्विस चार्ज का अंकन प्रतिशत में एवं पूर्णांक में (यथा 3% 4% 5%......) में करना अनिवार्य होगा। 03 प्रतिशत से कम सर्विस चार्ज वाली निविदा एवं सर्विस चार्ज का अंकन पूर्णांक (प्रतिशत में) नही करनें पर BOQ (Price Bid) को निरस्त माना जायेगा।
7. राज्य सरकार के श्रम विभाग के द्वारा समय–समय पर जारी अधिसूचना न्यूनतम मजदूरी अधिनियम की दरें मान्य होगी।
8. पी.एफ, ई.एस.आई. से संबधित विभाग द्वारा निर्धारित दर से कम/ज्यादा दर प्रस्तुत करने वाले निविदादाता की निविदा को स्वीकार नही किया जावेगा।
9. वित्तीय निविदा में सफाई कार्मिकों की आपूर्ति की दरें एक से अधिक निविदादाताओं की समान आने पर निम्नानुसार 120 अंकों में से अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले बोलीदाता को सफल बोलीदाता चुना जा सकेगा :–

| क्र.सं. | विवरण |
|---|---|
| 1. | बोलीदाता/संवेदक को गत 04 वित्तीय वर्ष (वित्तीय वर्ष 2022–23 से 2025–26) में केन्द्र/राज्य सरकार के अधीन समस्त विभाग/उपक्रम/स्वात्तशासी संस्थान में किसी भी वर्ष में एकल कार्यादेश के अंतर्गत न्यूनतम 20 सफाई कर्मी (मानव संसाधन, सुरक्षा कर्मी को छोडकर) की कम से कम 01 वर्ष निरन्तर सफलतापूर्वक सेवाएं उपलब्ध करवाये जाने का अनुभव होना चाहिए, जिसकी पुष्टि हेतु वर्कऑडर व संतोषप्रद कार्य पूर्ण किये जाने का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा (अधिकतम – 50 अंक)<br>• 50 से अधिक व्यक्तियों के एकल कार्यादेश का कार्यानुभव – 50 अंक<br>• 40–50 व्यक्तियों के एकल कार्यादेश का कार्यानुभव – 40 अंक<br>• 30–40 व्यक्तियों के एकल कार्यादेश का कार्यानुभव – 30 अंक<br>• 20–30 व्यक्तियों के एकल कार्यादेश का कार्यानुभव – 20 अंक |



प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड़

| | |
|---|---|
| 2. | बोलीदाता / संवेदक का गत तीन वित्तीय वर्षों (वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24, 2024–25) के औसत वार्षिक टर्नओवर के आधार पर (सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित टर्न ओवर प्रमाण पत्र UDIN नम्बर सहित संलग्न करना अनिवार्य होगा) अधिकतम – 50 अंक<br>• औसत टर्नओवर रु. 1.5 करोड़ से अधिक – 50 अंक<br>• औसत टर्नओवर रु. 1.0 करोड़ से अधिक एवं 1.5 करोड़ से कम – 40 अंक<br>• औसत टर्नओवर रु. 50 लाख से अधिक एवं 1.0 करोड़ से कम – 30 अंक<br>• औसत टर्नओवर रु. 20 लाख़ से अधिक एवं 50 लाख से कम – 20 अंक |
| 3 | बोलीदाता / संवेदक का स्थानीय स्तर का होना जिसकी पुष्टी हेतु शॉप एण्ड कॉमर्शियल लाइसेंस / ESI/GST Registration Certificate में वर्णित पता की प्रमाणित प्रतियों संलग्न करनी होगी। (अधिकतम 20 अंक)<br>• स्थानीय स्तर (कोटा, संभाग–कोटा, बूंदी, बारां एवं झालावाड) में कार्यालय होने पर – 20 अंक<br>• राजस्थान राज्य स्तर (कोटा संभाग के अतिरिक्त) कार्यालय होने पर – 15 अंक<br>• अन्य राज्य – 10 अंक |

उपरोक्तानुसार अंक निर्धारण पश्चात् भी यदि एक से अधिक बोलीदाता समान रुप से अधिकतम अंक अर्जित करते हैं, तो सफल बोलीदाता का निर्णय लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।

मैंने वित्तीय प्रस्ताव की सभी शर्तों को ध्यान पूर्वक पढ़ लिया है। मैं इन सभी शर्तों से सहमत हूं।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील पूर्ण पता एवं दिनांक

प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड़

# राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड

## बोलीदाताओं के लिये आवश्यक विनिर्देश व शर्ते

1. राजस्थान लोक उपापन में पादर्शिता अधिनियम 2012, नियम 2013 तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं इस संबंध में वित्त विभाग, राजस्थान द्वारा समय–समय पर जारी अधिसूचना, प्रपत्र, गाईडलाईन, आदेश, निर्देश आदि प्रभावी रहेंगे।
2. तकनीकी बोली एवं दरों को BOQ प्रारुप में E-procurement website के माध्यम से ऑनलाइन भरा जावेगा।
3. उक्त निविदा की अवधि 02 वर्ष के लिए मान्य होगी तथा प्रत्येक वर्ष के कार्य की अनुमानित लागत लगभग राशि रुपये 15 लाख होगी। प्रथमतः दर अनुमोदित होने के उपरान्त वार्षिक दर अनुबंध को प्रथम एक वर्ष के लिए दिया जावेगा एवं कार्य संतोषजनक पाये जाने पर संवेदक के वार्षिक दर अनुबंध को सक्षम स्वीकृती उपरांत आगामी 01 वर्ष के लिए बढाया जाकर द्वितीय वर्ष के लिए कार्यादेश जारी किया जा सकेगा। तदनुसार निविदा का अनुमानित मूल्य राशि रुपये 30 लाख रुपये रखते हुए बोली प्रतिभूति राशि 60 हजार एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि रुपये 1.5 लाख होगी।
4. बोली शुल्क राशि रुपये 590/– और बोली प्रतिभूति राशि रुपये 60 हजार का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैकर चैक जो कि " **प्राचार्य, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड**" के नाम देय होगा और बोली प्रक्रिया शुल्क रुपये 500/– जो कि "MD RISL, JAIPUR" के नाम देय होगा।
5. तकनीकी निविदा में निम्न दस्तावेजों को ऑन–लाईन अपलॉड किया जाना सुनिश्चित करें–
   - समस्त डिमाण्ड ड्राफ्ट की प्रतियां
   - फर्म की जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति
   - पैन कार्ड की प्रति
   - तकनीकी बोली में उल्लेखित अधिनियमों के अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रतियां
   - सनदी लेखाकार से निर्धारित प्रारुप (Annexure-1) में UDIN नंबर सहित गत 3 वर्षों के वार्षिक टर्न ओवर प्रमाण पत्र की प्रति
   - तकनीकी निविदा में वर्णितानुसार वर्क ऑडर व संतोषप्रद कार्य पूर्ण किये जाने का प्रमाण पत्र की प्रति (Annexure - 2)
   - ब्लेक लिस्ट /डिबार नहीं किये जाने का घोषणा पत्र (Annexure - 3)
   - निविदा प्रपत्र की हस्ताक्षरित प्रति
6. सफाई कार्मिकों की व्यवस्था संलग्न G-Schedule (ANNEXURE 05) के अनुसार रहेगी जिसे आवश्यक्तानुसार परिवर्तित किया जा सकता है।
7. आयकर एवं जीएसटी नियमों के अनुसार बिलों से टी.डी.एस. की कटौती की जावेगी।
8. किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार महाविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।
9. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम पारिश्रमिक दरों के अनुसार सफाई कार्मिकों को पारिश्रमिक के भुगतान करने का दायित्व संबंधित संवेदक/बोलीदाता का होगा।



प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड़

10. सफाई कार्मिकों को निर्धारित न्यूनतम पारिश्रमिक का भुगतान सुनिश्चित करने के लिये कार्य अवधि के दौरान न्यूनतम पारिश्रमिक दरों में श्रम विभाग की अधिसूचना से समय–समय पर वृद्धि होने पर संवेदक/बोलीदाता को बढ़ी हुई न्यूनतम पारिश्रमिक की सीमा तक अन्तर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।
11. यदि संवेदक/बोलीदाता एवं कार्य पर लगाये गये श्रमिकों के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी प्रबंधकीय जिम्मेदारी संवेदक/बोलीदाता की होगी। इसके लिये महाविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। न्यूनतम पारिश्रमिक अधिनियम, 1948 एवं राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन करने के लिये संवेदक/बोलीदाता स्वयं ही उत्तरदायी होगा।
12. नियोजित कार्मिकों को 240 दिवस पूर्ण कर लिये जाने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम 1974 में विहित प्रावधानों के अनुसार श्रम नियोजित सफाई कार्मिकों को हटाने, कार्यमुक्त करने, नोटिस वेतन छटनी, मुवाअजा आदि देने का समस्त उत्तरदायित्व संवेदक/बोलीदाता का होगा।
13. कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के संबंध में/संदर्भ में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने/ई.एस.आई. करवाने/सामूहिक दुर्घटना बीमा करने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व संवेदक/बोलीदाता का होगा, इसके लिये महाविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
14. यदि संवेदक/बोलीदाता द्वारा नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत इस कार्यालय को प्राप्त होती है तो इसके संबंध में इस कार्यालय द्वारा श्रम विभाग का अनिवार्य रुप से सूचित किया जायेगा और नियमानुसार आवश्यक होने की स्थिती में संवेदक/बोलीदाता को Debar करने की कार्यवाही की जायेगी।
15. बोलीदाता अपनी कार्य आदेश को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौपेगा या भाड (Sub-Let) पर नहीं देगा।
16. बोली की विधि मान्यता बोली खुलने की तिथि से 90 दिन की अवधि के लिए विधि मान्य होगी।
17. **करार एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति (Agreement and Performance Security) :**

**(अ)** बोली आमन्त्रण में अंकित सेवा की आपूर्ति हेतु सफल बोलीदाता को बोली स्वीकृति आदेश जारी होने की दिनांक से अधिकतम 7 दिवस में निविदा के अनुमानित मूल्य की 5 प्रतिशत राशि रूपये 1.50 लाख कार्य सम्पादन प्रतिभूति के रुप में डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/बैंक गारन्टी/अनुसूचित बैंक की सावधि जमा प्राचार्य, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड के नाम पर जमा करानी होगी एवं नियमानुसार राशि रुपये 1000/– के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर सामान्य एवं वित्तीय लेखा नियम में निर्धारित एस.आर. प्रारुप 17 में एक करार पत्र निष्पादन करना होगा।

**(ब)** सफल बोली लगाने वाले की दशा, में बोली प्रतिभूति की रकम कार्य सम्पादन प्रतिभूति की रकम में समायोजित की जा सकती है या लौटायी जा सकती है, यदि सफल बोली लगाने वाला पूर्ण रकम की कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि दे देता है।

**(सं)** कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतन नहीं किया जायेगा।

प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड़

18. **भुगतान** :–
सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम के अनुसार उचित प्रारुप में बिल दो प्रतियों में प्रस्तुत करने पर नियमानुसार भुगतान किया जायेगा। अनुबंधित बोलीदाता द्वारा प्रत्येक माह का बिल भुगतान हेतु आगामी माह के प्रारम्भ के 07 कार्य दिवस में प्रस्तुत किया जायेगा। विलम्ब से बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान में होने वाले विलम्ब के लिए अनुबंधित बोलीदाता स्वयं जिम्मेदार होगा। भुगतान चैक द्वारा अथवा ऑन–लाईन किया जायेगा, और ठेकेदार को 03 दिन के भीतर कर्मचारियों के बैंक खातों में पारिश्रमिक जमा करवाना होगा।
19. निर्धारित समय पर कार्य प्रारंभ नहीं करने पर कार्यादेश निरस्त किया जा सकता है और L-2 bidder को कार्य दिया जा सकता है।
20. भुगतान कर्मचारियों की प्रमाणित उपस्थिति के आधार पर किया जाएगा।
21. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र झालावाड़ होगा।
22. अनुबंध अवधि के विवादों पर प्राचार्य का निर्णय अंतिम माना जाएगा।
23. कार्यादेश मिलने के 10 दिनों के भीतर कर्मचारियों का बायोडाटा एवं फोटो जमा करना होगा।
24. PF, ESI आदि की जमा रसीदें हर माह बिल के साथ जमा करनी होंगी, अन्यथा 20% भुगतान रोका जा सकता है।
25. आवश्यकता अनुसार सफाई कार्मिकों की संख्या घटाई/बढ़ाई जा सकती है या अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।
26. डयूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही/आदेश की अवहेलना/किसी भी प्रकार का नशा सेवन जैसे कार्य एवं किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करने पर सफाई कार्मिक को तत्काल कार्य से निकाल दिया जायेगा।
27. कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना से कार्मिकों को होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति संवेदक के बिल से काटी जावेगी। किसी प्रकार से दुर्घटना नुकसान के लिए कालेज प्रशासन उत्तरदायी नहीं होगा समस्त क्षतिपूर्ति का भुगतान संवेदक को वहन करना होगा इस हेतु संवेदक के समस्त कार्मिकों का दुर्घटना बीमा भी करवाना आवश्यक होगा।
28. ठेकेदार द्धारा नियोजित कार्मिक दारा किये गये किसी भी प्रकार के नुकसान की क्षतिपूर्ति संवेदक के बिल से काटी जायेगी।
29. संवेदक द्धारा किसी भी कानून की अनुपालना न करने पर /सही ढंग से न करने पर यदि इस कार्यालय को कोई हर्जाना या कानूनी दायित्व का वहन करना पडता है तो उक्त खर्चे की समस्त वसूली संवेदक से ही की जावेगी।
30. प्रत्येक सफाई कर्मी की आयु राज्य सरकार के नियमानुसार/21 वर्ष से एवं से कम नही होनी चाहिए।
31. समस्त सफाई कार्मिकों को रविवार का अवकाश रहेगा, अन्य किसी प्रकार का अवकाश देय नही होगा।
32. सफाई कार्मिकों का आने व जाने का समय व हस्ताक्षर मेन गेट पर सुरक्षाकर्मी के समक्ष रजिस्टर मे दर्ज करवाना होगा। कार्य के दौरान सफाई कार्मिकों का परिचय पत्र उनके पास होना आवश्यक है, इसकी जिम्मेदारी संवेदक की होगी।

33. सफाई से संबंधित शिकायत पुस्तिका मेन गेट पर सुरक्षा कर्मियो के पास रखी जायेगी। सफाई की शिकायत का निराकरण समय पर करना संवेदक की जिम्मेदारी होगी।
34. सभी सफाई कार्मिकों को केयर–टेकर के दिशा निर्देशों के तहत कार्य करना होगा।
35. सीवरेज टेंक भरने पर उसको खाली करवाने का दायित्व संवेदक का होगा एवं इस कार्य में व्यय राशि का भुगतान नगरपालिका/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर /मापदण्ड के अनुसार अलग से बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान महाविद्यालय द्वारा किया जायेगा।
36. सफाई कार्य में कमी पाये जाने पर निम्नानुसार पैनल्टी लगायी जायेगी एवं महाविद्यालय द्वारा समय समय पर कार्य की समीक्षा की जायेगी। इसके अतिरिक्त संस्थान द्वारा ऐसी स्थिति में अन्य से कार्य संपादन पर व्यय की गयी समस्त राशि संवेदक के देय भुगतान में से वसूली योग्य होगी।
37. समस्त सफाई कार्मिकों का महाविद्यालय में आने–जानें का समय महाविद्यालय के अनुसार रहेगा, जो कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा समय–समय पर परिवर्तनीय हो सकता है। सभी सफाई कार्मिकों को अपनी उपस्थिति उपस्थिति रजिस्टर में आगमन एवं प्रस्थान के समय दर्ज कराना अनिवार्य है। सभी सफाई कार्मिकों का मानदेय उपस्थिति रजिस्टर से प्राप्त उपस्थिति से बनाया जाएगा। यदि किसी सफाई कार्मिक की उपस्थिति एक ही बार/एक ही समय दर्ज होने की स्थिति में उस कार्मिक को उस दिन अनुपस्थित माना जाएगा।
38. आवश्यकता पडने पर अवकाश के दिन भी सफाई कार्य करना होगा और विशेष उत्सवों, परीक्षाओं के दौरान महाविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम से सभी टायलेट की विशेष रूप से साफ–सफाई होनी चाहिये एवं सस्थांन में आयोजित कार्यक्रमों पर सफाई की पूरी व्यवस्था समय पर करने की जिम्मेदारी संवेदक की होगी।
39. कारणवश कार्यरत सफाई कार्मिक/कार्मिको के अनुपस्थित रहने पर संवेदक द्वारा अनुपस्थित कार्मिक/कार्मिको के स्थान पर अन्य अतिरिक्त सफाई कार्मिक/कार्मिको की व्यवस्था करके सफाई कार्य करवाने की व्यवस्था करनी होगी। उक्त अतिरिक्त सफाई कार्मिक/कार्मिको का भुगतान सम्बन्धित माह के बिल में श्रम विभाग की दैनिक पारिश्रमिक दर पर ही देय होगा एवं अन्य किसी प्रकार का भुगतान/अन्य लाभ देय नही होगा।
40. उक्त ई–निविदा के माध्यम से समस्त कार्य करवाने की अवधि कार्य आरम्भ होने से 02 वर्ष के लिये होगी जिसे आपसी सहमति से 06–06 माह के लिए तत्कालीन आवश्यकता एवं परिस्थितियों को मध्येनजर रखते हुए बढाया जा सकता है। निविदा की नियम व शर्ते यथावत लागू रहेंगीं।
41. निम्न स्थितियों में धरोहर राशि जब्त की जा सकती है –
    - निविदा वापस लेने पर
    - समय पर अनुबंध न करने पर
    - सुरक्षा राशि जमा न करने पर
    - आदेशों का पालन न करने पर

प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड़

# राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड

मैं उपरोक्त शर्त सख्या 1 से 41 पर अपनी सहमति देता/देती हूँ तथा निविदा स्वीकृति होने पर समस्त शर्तें मानने को बाध्य हूँ। मेरे द्वारा उपरोक्त निर्देशों एवं शर्तों का अध्ययन कर लिया गया है और मैं अपनी सहमति व्यक्त करता हूँ।

हस्ताक्षर (निविदादाता)
नाम :

प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड़

# राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड

## निविदा की विशिष्ट शर्ते

1. सफाई कार्मिक कार्यालय में गरिमा बनाये रखेगा, सद्व्यवहार करेगा एवं धूम्रपान नहीं करेगा।
2. सफाई कार्मिक महाविद्यालय में अवैध गतिविधि/अनैतिक कार्यों में संलिप्त नहीं रहेंगा। उक्त कार्मिक का चाल–चलन एवं चरित्र अच्छा होना चाहिए।
3. सफाई कार्मिक द्वारा कार्य स्थल पर धूम्रपान करने/अशिष्ट या दुर्व्यवहार करने /गंदगी फैलाने/नशाखोरी करने पर तत्काल प्रभाव से उसे हटा दिया जावेगा तथा उसके स्थान पर प्रशिक्षित कार्मिक को लगाने की तत्काल व्यवस्था करेगा।
4. सफाई कार्मिक द्वारा कार्य छोडने/स्वैच्छिक अनुपस्थित रहने पर संवेदक/बोलीदाता द्वारा उनके स्थान पर अन्य प्रशिक्षित कार्मिक लगाये जाने की तत्काल व्यवस्था करनी होगी।
5. सफाई कार्मिक द्वारा कार्य स्थल पर लैंगिक भेदभाव या उत्पीडन करने/अवैध गतिविधि या अनैतिक कार्य में संलिप्तता की शिकायत प्राप्त होने पर उसकों तत्काल प्रभाव से हटा दिया जायेगा तथा उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
6. सफाई कार्मिक के चाल–चलन एवं चरित्र का पुलिस सत्यापन करवाने की जिम्मेदारी संवेदक/बोलीदाता की होगी।
7. संवेदक/बोलीदाता उपलब्ध कराये जाने वाले मानव संसाधन की सूचना कार्यादेश की तिथि से 1 माह के अंदर निम्नलिखित प्रारुप में प्रस्तुत करेगा।

| क्र.सं. | सफाई कार्मिक का नाम | पिता/पति का नाम | निवास पता | ई.पी.एफ. पंजीकरण संख्या | ई.एस.आई. पंजीकरण संख्या | आधार नंबर एवं मोबाईल नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

**बोलीदाता के हस्ताक्षर**
**नाम मय सील**

प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड़

# राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड

**(Annexure-1)**

**(To be Submit on Letter Head of CA Firm with UDIN)**

<u>वार्षिक टर्न ओवर प्रमाण पत्र</u>

प्रमाणित किया जाता है कि मैसर्स/फर्म........................................................................ का विगत तीन वित्तीय वर्षों का टर्न ओवर निम्नानुसार है। प्रमाणित किया जाता है कि उक्त प्रमाण पत्र सत्य व सही है।

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | टर्न ओवर (राशि लाखों में) |
|---|---|---|
| 1. | 2022–23 | |
| 2. | 2023–24 | |
| 3. | 2024–25 | |
| | कुल टर्न ओवर | |
| | औसत टर्न ओवर | |

दिनांक –

सनदी लेखाकार का
नाम मय हस्ताक्षर एवं पंजीकरण संख्या

प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड़

# राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड

**(Annexure-2)**

## अनुभव प्रमाण पत्र

ई– निविदा सूचना क्रमांक .................................................. दिनांक ..............................

प्रमाणित किया जाता है कि मै0 / फर्म ..................................................................................................................

के विगत वर्षों का कार्मिक उपलब्ध कराये जाने का अनुभव विवरण निम्न प्रकार से है।

| क्र.सं. | विभाग / संस्थान का नाम | उपलब्ध कराये गये सफाई कार्मिकों को सेवाओं के वर्कआर्डर क्रमांक एवं दिनांक | उपलब्ध कराये गये सफाई कर्मी (मानव संसाधन, सुरक्षा कर्मी को छोडकर) की संख्या | उपलब्ध करवाये गये सफाई कर्मियों की समयावधि | संबंधित विभाग / संस्थान से जारी संतोषजनक सेवा का प्रमाण पत्र का क्रमांक एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

उक्त विवरण हमारी संस्था/ फर्म द्वारा दिया गया जो सही है विविरण के संबंध में संबंधित दस्तावेज/ प्रमाण पत्र साथ में संलग्न किये हुए है। जो कि सत्य है।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील पूर्ण तता एवं दिनांक



प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड

# राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड

**(Annexure-3)**

**(Original to be Submit Physically on Non-Judicial Stamp Paper of Rs. 100 with Tender Fee Envelope)**

## घोषणा – पत्र

खुली बोली की समस्त जानकारी शर्तों का मैंने/हमनें अच्छी तरह अध्ययन कर लिया है। मैं/हम यह भी प्रमाणित करते हैं कि मैं/हम उक्त कार्य हेतु रजिस्टर्ड है। यह प्रमाणित किया जाता है कि हमारी/मेरी फर्म को राज्य एवं केन्द्र सरकार के अधीन किसी भी विभाग/कार्यालय/स्वायत्तशाषी संस्था/निकाय द्वारा विगत 7 वर्षों के दौरान BLACK LIST/ DEBAR नहीं किया गया है।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना मेरी/हमारी बोली प्रतिभूति/एवं कार्य निष्पादन प्रतिभूति को पूर्ण रुप से समपहृत कर लिया जा सकेगा तथा खुली बोली को जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

नम मय सील

प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड़

राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड

(Annexure-4)

# Item Wise BoQ

Tender Inviting Authority : PRINCIPAL GOVERNMMENT ENGEENIRING COLLEGE, JHALAWAR

Name of Work : सफाई कार्मिक हेतु सेवा आपूर्ति।

Contact No.

Bidder Name:

## PRICE SCHEDULE

**(This BOQ template must not be modified/replaced by the bidder and the same should be uploaded after filling the relevant columns, else the bidder is liable to be rejected for thistender. Bidder are allowed to enter the Bidder Name and Values only)**

| NUMBER # | TEXT # | NUMBER # | TEXT # | NUMBER # | NUMBER # | NUMBER # | NUMBER # | NUMBER # | NUMBER # | TEXT # |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SI No. | Item Description | No. of Posts | Units | BASIC RATE In Figures To be entered by the Bidder Rs. | EPF Charges | E.S.I. | Service Charges | TOTAL AMOUNT Without Taxes | TOTAL AMOUNT With Taxes | TOTAL AMOUNT In Words |
| | | | | | | | | | | |
| 1.01 | राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड के परिक्षेत्र में सफाई करवानें हेतु अकुशल सफाई कार्मिक उपलब्ध करवानें हेतु कुल 15 सफाई कार्मिकों में कम से कम 03 महिला सफाई कार्मिक होना आवश्यक है। | 15 | Per Person Per Month | | | | | | | |
| Total in Figures | | | | | | | | | | |
| Quoted Rate in Words | | | | | | | | | | |



प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड़

# राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड

**Annexure -05**

Name of work: - : Cleaning & Housekeeping Services

Name of Contractor & Address :.............................................................

Work Completion Period Two Year :.............................................................

**(G-Schedule)**

| S.N. | Items | Qty. |
|---|---|---|
| 1(a) | प्रशासनिक भवन :– <br>भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल तथा भवन के समस्त कमरे/कार्यालय, समस्त बरामदों, गैलरी (अन्दर व बाहर दोनो तरफ) की प्रतिदिन झाडू व पौंचा मय समस्त तलों के टॉयलेट की साफ–सफाई का कार्य। | अनुमानित 01 सफाई कार्मिक |
| 1(b) | अकादमिक भवन :– <br>भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल, एवं छत, डोम तथा भवन के समस्त कक्षा–कक्ष, प्रयोगशालाओं को सम्मिलत करते हुए समस्त बरामदों, गैलरी की प्रतिदीन झाडू व पौचा मय समस्त टॉयलेट की साफ–सफाई का कार्य कक्षा कक्षों व लेक्चर हाल में फर्नीचर पर जमा डस्ट को हटाना व फर्नीचर को व्यवस्थित करना भी सम्मिलत है। | अनुमानित 03 सफाई कार्मिक |
| 1(c) | गैस्ट हाउस व इलेक्ट्रीकल विभाग भवन :– <br>गैस्ट हाउस के सभी कमरे मय समस्त टायॅलेट की साफ–सफाई का कार्य प्रतिदिन झाडू पौंचा। <br>गैस्ट हाउस के चारो ओर (बाहर की ओर) की साफ–सफाई सम्मिलत है। <br>इलेक्ट्रीकल विभाग के समस्त कक्षा–कक्ष, लैब, हॉल, बरामदों मय समस्त टॉयलेट की साफ–सफाई का कार्य प्रतिदिन झाडू पौंचा। | अनुमानित 01 सफाई कार्मिक |
| 1(d) | छात्र छात्रावास भवन :– <br>भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल, तृतीय तल के सभी बरामदे, गैलरी, खुला क्षेत्र एवं छत (छात्रों के कमरो को छोड़कर) होस्टल के समस्त बरामदों, गैलरी की झाडू व पौंचा मय समस्त तलों के टॉयलेट की साफ–सफाई का कार्य। छात्रावास के बाहर चारों और भवन से 15–15 फीट की दूरी तक सफाई का कार्य सम्मिलित हैं। <br>हॉस्टल से निकलने वाली सीवर लाईन जो सीवरेज टेंक तक जाती है का रख रखाव एवं चोक होने पर उन्हें तुरंत सही करवाना। <br>साफ–सफाई का वेस्ट/कचरा परिसर से बाहर अपने वाहन द्वारा नगरपालिका द्वारा निर्धारित स्थान पर फैंकना सम्मिलत है। | अनुमानित 03 सफाई कार्मिक |
| 1(e) | कन्या छात्रावास भवनः– <br>भूतल, प्रथम तल, के सभी बरामदे, गैलरी, खुला क्षेत्र एवं छत (छात्राओं के कमरो को छोड़कर) होस्टल के समस्त बरामदों, गैलरी की झाडू व पौंचा मय समस्त तलों के टॉयलेट की साफ–सफाई का कार्य। छात्रावास के बाहर चारों और भवन से 15–15 फीट की दूरी तक सफाई का कार्य सम्मिलित हैं। <br>हॉस्टल से निकलने वाली सीवर लाईन जो सीवरेज टेंक तक जाती है का रख रखाव एवं चोक होने पर उन्हें तुरंत सही करवाना। <br>साफ–सफाई का वेस्ट/कचरा परिसर से बाहर अपने वाहन द्वारा नगरपालिका द्वारा निर्धारित स्थान पर फैंकना सम्मिलत है। | अनुमानित 02 महिला सफाई कार्मिक |

प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड

| | | |
|---|---|---|
| 1(f) | सडक एवं खुले क्षेत्र की सफाई:– <br>सडक के आवासीय एवं व गैर आवासीय क्षेत्र में 2.5 कि.मी. लगभग पक्की सडक एवं प्रशासनिक भवन के बाहर खुला क्षैत्र की झाडू लगाकर साफ–सफाई का कार्य है। परिसर में विशेष समारोह होने पर अतिरिक्त रूप से साफ सफाई करना। परिसर में स्थित समस्त खेल मैदानो की साफ–सफाई करना। | अनुमानित 01 सफाई कार्मिक |
| 1(g) | कम्प्यूटर भवन :– <br>भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल के समस्त कार्यालय, कक्षा–कक्ष, लैब, हॉल, बरामदों की प्रतिदिन झाडू व पौंचा मय समस्त टॉयलेट की साफ–सफाई का कार्य। | अनुमानित 01 सफाई कार्मिक |
| 1(h) | पुस्तकालय भवन :– <br>भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल के समस्त कार्यायल, हॉल, बरामदों की प्रतिदिन झाडू व पौंचा मय समस्त टॉयलेट की साफ–सफाई का कार्य। | अनुमानित 01 सफाई कार्मिक |
| 1(i) | सिविल विभाग एवं मैकेनिकल वर्कशॉप :– <br>सिविल विभाग के सभी कमरे, लैब मय समस्त टायॅलेट की साफ–सफाई का कार्य प्रतिदिन झाडू पौंचा। <br>वर्कशॉप के समस्त कक्षा–कक्ष, लैब, हॉल, बरामदों मय समस्त टॉयलेट की साफ–सफाई का कार्य प्रतिदिन झाडू पौंचा। | अनुमानित 01 सफाई कार्मिक |
| 1(j) | सफाई निरीक्षण प्रभारी :– <br>उपरोक्त क.स. 1(a) से 1(i) के तक के सभी विभागों के भवनों की साफ–सफाई व्यवस्था करवाना। प्रतिदिन निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कर इसकी जानकारी रोजाना महाविद्यालय के केयर–टेकर को अवगत करवाना होगा। अगर कोई सफाई कर्मचारी अनुपस्थित रहता है, तो उसकी व्यवस्था भी सुनिश्चित करवाना। | अनुमानित 01 सफाई कार्मिक |
| **नोट :–** <br>**क्रम संख्या 1(a) से 1(i) तक के समस्त भवनों की छतो एवं दीवारों की सफाई मय जाले एवं सभी तरह की गन्दगी को साफ–सफाई करना एवं समस्त भवनों के चारों ओर 15–15 फीट तक साफ–सफाई भी सम्मिलित है। साफ–सफाई का वेस्ट/कचरा सामग्री को परिसर से बाहर अपने वाहन द्वारा नगरपालिका द्वारा निर्धारित स्थान पर फैंकना सम्मिलत है।** | | **कुल 15 सफाई कार्मिक** |

प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड

प्राचार्य
राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड

# राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड

**बिडिंग डाक्यूमेंट :–**

1. निविदा प्रपत्र को इन्टरनेट साईट से दिनांक .............. प्रातः 10:00 बजे से दिनांक .............. को सांय 5:00 बजे तक डाउनलोड (Download) कर सकते है। इन निविदाओ को इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में वेब साईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक .............. को प्रातः 10:00 बजे तक जमा करायें।
2. प्राप्त निविदाएँ इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में वेब साईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर कार्यालय प्राचार्य अभियांत्रिक महाविद्यालय झालावाड़ में उपस्थित निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक .............. दोपहर 01:00 बजे को खोली जावेगी।
3. निविदा की समस्त प्रक्रिया ऑन लाईन होगी।
4. निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि प्राचार्य अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ के नाम तथा निविदा प्रक्रिया शुल्क मैनेजिंग डायरेक्टर, आर.आई.एस.एल जयपुर के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट के रुप में महाविद्यालय कार्यालय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ में दिनांक .............. को दोपहर 12:00 बजे तक भौतिक रुप से जमा कराना आवश्यक है। इसके अभाव में संबंधित फर्म की निविदा नहीं खोली जावेगी।

**ई–टेन्डरिंग के लिए निविदादाता हेतु निर्देश :–**

1. इन निविदाओ में दिलचस्पी लेने वाले निविदादाता निविदा प्रपत्र को इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in डाउनलोड (Download) कर सकते है।
2. निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओ को इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑनलाईन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट–2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रानिक निविदा में साइन करने हेतु काम आएगा।
3. निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी.सी.ए (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदादाताओं के पास पूर्व में वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।
4. निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रानिक फार्मेट में उपरोक्त वेबसाइट व डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा, कोई भी प्रस्ताव अकेले भौतिक फार्म में स्वीकार्य नहीं होगा।
5. ऑनलाईन निविदाएँ निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपरोक्तानुसार खोली जाएगी।
6. इलेक्ट्रानिक निविदा प्रपत्र को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे की निविदा प्रपत्र में संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजो की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्र के साथ अटैच कर दी गई है।
7. कोई भी टेंडर इलेक्टानिक जमा कराने में किसी भी कारण से विलम्ब हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।
8. टेंडर के प्रपत्र में आवश्यक सभी सूचियों को संपूर्ण रुप से भरकर ऑनलाईन दर्ज करें।

9. निविदा सूचना इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है।
10. अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
11. इस निविदा के अन्तर्गत यदि कोई आवश्यक संशोधन हुआ तो उसे वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित किया जावेगा जिसका अवलोकन कर आवश्यक कार्यवाही करने की जिम्मेदारी संवेदक की होगी।

मैं उपरोक्त शर्त संख्या 1 से 11 पर अपनी सहमति देता/देती हूँ तथा निविदा स्वीकृति होने पर समस्त शर्तें मानने को बाध्य हूँ। मेरे द्वारा उपरोक्त निर्देशों एवं शर्तों का अध्ययन कर लिया गया है और मैं अपनी सहमति व्यक्त करता हूँ।

हस्ताक्षर (निविदादाता)
नाम :